**संकलित परीक्षा - II (2015-2016)**

**हिन्दी 'ब'**

**कक्षा - X**

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न–पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश : दीजिए।

**खंड - क ( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x6=12)** 12

शिक्षा का अभाव भी बेकारी का कारण बताया जाता है, किंतु भारत में यह बात सर्वथा सत्य नहीं है। यहाँ बेकारी की संख्या में शिक्षित लोगों का प्रतिशत अधिक है। व्यवसाय प्रद या उचित शिक्षा के अभाव में यहाँ शिक्षित लोग ही बेकार ज्यादा हैं। प्रतिवर्ष विश्व विद्यालयों से स्नातकों और स्नातकोत्तरों की बड़ी संख्या परोक्षायें उत्तीर्ण करके रोजगार दफ्तर के सामने कतारों में खड़ी रहती हैं। दो वर्ष, चार वर्ष और कभी–कभी आठ से दस वर्ष तक भी किसी को नौकरी नहीं मिलती, क्योंकि क्लर्की के अतिरिक्त कुछ करना उनके बूते की बात नहीं होती और दफ्तरों में क्लकों या बाबुओं की उतनी जगह रिक्त नहीं होतीं। विविध योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए प्रतिवर्ष सहस्त्रों नए तकनीशियनों की आवश्यकता रहती थी पर अब वहाँ भी अब पढ़े–लिखे इंजीनियरों तथा अन्य प्रकार से प्रशिक्षित युवक–युवतियों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। जब तक व्यावसायिक शिक्षा के साथ उद्योग व व्यवसाय लगाने का हुनर व आवश्यक धन न होगा तब तक इस समस्या का समाधान न होगा। अत: युवकों को नए–कारोबार खोलने चाहिए।

(1) भारत में कौन–सी बात सर्वथा असत्य होती जा रही है?

(2) भारत में अधिकतर शिक्षित लोग बेकार क्यों हैं?

(3) अधिकांश विश्व विद्यालयों से किस स्तर की डिगरियाँ दी जाती हैं?

(4) आज इंजिनियरों की भारत में क्या स्थिति हैं?

(5) गद्यांश का केन्द्रीय भाव क्या है?

(6) 'शिक्षित' व 'व्यावसायिक' में प्रयुक्त मूल शब्द व प्रत्यय छांटिए।

2 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2x4=8** 8

मैं विश्व–शांति का अग्रदूत, मैं सत्य–अहिंसा–दयावास
मेरे मत में है नहीं दु:ख, मेरे मत में है नहीं त्रास
मेरे मत में है नहीं ऊँच, है नहीं नीच, सब नर समान
सब महासत्य के वरद पुत्र, सब दिव्य ज्योति–से भासमान।

कर्तव्य एक है सद्विवेक, कर्तव्य एक करणीय कार्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | व्यवसाय नहीं कोई अकार्य, है मनुज नहीं कोई अनार्य<br>है हेय सदा मिथ्या प्रपंच आदेश सरल शुचि सत्य एक<br>है ध्येय विश्व में दया धर्म, है प्रेम सुधा सम सद्विवेक।<br><br>तुम तलवारों की नोकों पर दुनिया की शांति उछाल रहे<br>तुम मानव की सुख-शांति छीन मानव का प्राण उबाल रहे<br>तुम अपना उद्धवरूप विकृत दिखलाकर नाश पुकार रहे।<br>तुम कुचल एक को स्वयं उठे, तुम दबा निबल फुंकार रहे<br>तुम भेद-भाव भरते जग में, ले जाति-भेद का बीज चले<br>तुम पशुबल से गर्वित विदृप्त हो निबल नाश को खीझ चले<br>(1) शांतिदूत के विचार में किन बातों को नकारा गया है?<br>(2) व्यवसाय और मनुज के बारे में कवि का क्या विचार है?<br>(3) 'कर्तव्य एक करणीय कार्य' पंक्ति का क्या आशय है?<br>(4) कवि पशुबल के विरोध में क्या तर्क देता है? | |
| | | **खंड - ख( व्यवहारिक व्याकरण )** | |
| | 3 | निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -<br>(क) मिश्र वाक्य में बदलिए-<br>अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा और पुलिस ने उनको पकड़ लिया।<br>(ख) संयुक्त वाक्य में बदलिए -<br>जैसे ही श्यामलाल मंत्री बना वैसे ही उसका व्यवहार बदल गया।<br>(ग) रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताइए -<br>वह इसी तरह पढ़ता रहा और कभी पास नहीं हुआ। | 3 |
| | 4 | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :<br>(i) तुम तुम्हारे घर जाओ।<br>(ii) दही ज्यादा अधिक मीठा है।<br>(iii) हमने दिल्ली जाना है।<br>(iv) वह तकलीफों झेल रहा है। | 4 |
| | 5 | (क) 'कृष्णसर्प' में समास का नाम लिखिये।<br>(ख) 'पंचपात्रों का समूह' का सामासिक पद बनाइए।<br>(ग) 'मृगनयनी' का समास विग्रह कीजिए।<br>(घ) 'रामलक्ष्मण' का समास विग्रह कीजिए। | 4 |
| | 6 | (1) शब्द और पद में क्या अंतर है? | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (2) वह <u>घर</u> जायेगा। रेखांकित को 'शब्द' या 'पद' में से क्या कहेंगे? | |
| | 7 | (क) 'नौ दो गयारह होना' का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।<br>(ख) उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –<br>वह तो व्यर्थ की बातें करता है; लगता है कि उसे हवा ---------- की आदत है। | 2 |
| | | **खंड - ग( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | 8 | **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।(2+2+1)**<br>''ठीक है यह तो बताओ कि यह कुत्ता किसका है। मैं इस मामले को छोड़ने वाला नहीं हूँ। कुत्तों को इस तरह आवारा छोड़ देने का मज़ा मैं इनके मालिकों को चखाकर रहूँगा। जो कानून का पालन नहीं करते, अब उन लोगों से निबटने का वक्त आ गया है। उस बदमाश आदमी को मैं इतना जुर्माना ठोकूँगा ताकि उसे इल्म हो जाए कि कुत्तों और जानवरों को इस तरह आवारा छोड़ देने का क्या नतीजा होता है ? मैं उसे ठीक करके रहूँगा।''<br>(1) कुत्ते के विषय में छानबीन क्यों की जा रही है?<br>(2) ओचुमेलॉव कुत्ते के मालिक को किस प्रकार दंडित करने की योजना बना रहा है? क्यों? (3) गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए। | 5 |
| | 9 | गिरगिटिया चरित्र के लोग किस प्रकार समाज को नुकसान पहुँचाते हैं? उदाहरण देकर अपना मत व्यक्त कीजिए। | 5 |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** | |
| | 10(i) | लेखक निदा फ़ाज़ली की माँ और पत्नी का कबूतरों के प्रति व्यवहार 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| | 10(ii) | वज़ीर अली के मन में अंग्रेजों के प्रति कैसी भावना थी और इसका क्या कारण था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | 10(iii) | समाज को शाश्वत मूल्य किसने दिये हैं? ''गिन्नी का सोना'' पाठ के आधार पर लिखिए। | 1 |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** | |
| | 11(i) | ''सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'' पंक्ति में हिमालय किसका प्रतीक है और इसके माध्यम से कवि क्या कहना चाहते है? | 2 |
| | 11(ii) | ''मधुर-मधुर मेरे दीपक जल'' कविता में निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | 11(iii) | 'बिहारी के दोहे' कविता के आधार पर लिखिए कि गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं? | 1 |
| | 12 | कवि गुप्त जी के अनुसार इस संसार में एकता और भिन्नता का क्या संबंध है? स्पष्ट कीजिए। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | इफ्फन व टोपी अलग–अलग होते हुए भी एक कैसे थे? उनके आपसी व्यवहार और मित्रता में उनका अलग धर्म जाति का होना बाधक क्यों नहीं बना? इससे हमें क्या शिक्षा मिलती हैं? | 5 |
| | **खंड - घ( लेखन )** | |
| | **दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –** | |
| 14(i) | **हाय ! यह प्रदूषण**<br>क प्रदूषण के कारण<br>क प्रदूषण के दुष्परिणाम<br>क समाधान | 5 |
| | **अथवा** | |
| 14(ii) | **विज्ञापन और हम :**<br>• विज्ञापनों की अधिकता<br>• जीवन पर प्रभाव<br>• लाभ–हानि | 5 |
| | **अथवा** | |
| 14(iii) | **अच्छा स्वास्थ्य महावरदान :**<br>• स्वास्थ्य का महत्त्व<br>• संतुलित आहार<br>• संतुलित विचार | 5 |
| 15 | अपने क्षेत्र के प्रधान को बागों में नियमित पानी न देने वाले माली की शिकायत करते हुए तथा नए माली की व्यवस्था करने का अनुरोध करते हुए प्रार्थना पत्र लिखिए। | 5 |
| 16 | आप विद्यालय की समाजसेवा परिषद के सचिव, मयंक चौधरी हैं। आप प्रौढ़ों की साक्षरता के लिए एक सप्ताह का शिविर लगाना चाहते हैं। शिविर में विद्यार्थी रोज शाम को गाँव में जाकर अक्षरज्ञान कराएंगे। इच्छुक छात्र 10 जुलाई तक अपने नाम दे सकते हैं। उनके आवागमन की व्यवस्था परिषद की ओर से की जाएगी। इस हेतु लगभग 20-30 शब्दों में एक सूचना लिखिए। | 5 |
| 17 | जम्मू काश्मीर में बाढ़ आ गई है, सतेन्द्र और सतीश दो मित्र उन पीड़ितों की सहायता के लिए जाना चाहते हैं। उनके मध्य हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | 18 | 'बिल्डर्स ग्रुप' गुवाहाटी को कालोनी निर्माण हेतु इंजीनियर चाहिए। इस हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (अधिकाधिक 20-25 शब्दों में) | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0- | |